# नाबालिग को भगाने का आरोपी गिरफ्तार

**बलरामपुर।** कोतवाली नगर पुलिस ने नाबालिग किशोरी को शादी का झांसा देकर बहला-फुसलाकर ले जाने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार 24 मई को पहलवारा निवासी एक व्यक्ति ने अपनी पुत्री के अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय और क्षेत्राधिकारी नगर अभिषेक सिंह के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार मिश्र के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी अखिलेश कुमार (23) निवासी समस्तीपुर को गिरफ्तार किया।